कार्यालय–अध्यक्ष, चयन समिति/जनपद न्यायाधीश, सिद्वार्थनगर।

विज्ञप्ति

पत्रॉक 247 /2022 दिनॉकः 09 दिसम्बर,2022

माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के सी0एल0 संख्या–14/एडमिन (D) Section. Dated 15–10–2022 के अनुपालन में जनपद न्यायालय, सिद्वार्थनगर में निम्न रिक्त पदों पर जनपद न्यायालय से सेवा निवृत्त कर्मचारीगण की नियुक्ति हेतु निर्धारित प्रारूप (संलग्न) पर आवेदन–पत्र दिनॉक 22–12–2022 की सांय 05–00 बजे तक आमन्त्रित किये जाते हैं। निर्धारित समय के पश्चात प्राप्त हुए आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

कम सं0	पद नाम	रिक्त पदों की संख्या
1–	आशुलिपिक ग्रेड–1	2
2–	आशुलिपिक ग्रेड–3	8
3–	वरिष्ठ सहायक	37
4–	कनिष्ठ सहायक	17

नोट :–

1– उक्त पदों का वेतनमान सम्बन्धित पद पर आवेदक को मिलने वाले अन्तिम आहृरित वेतन, जिसमें से पेंशन की राशि काटकर मानदेय के रूप में देय होगा। अन्य भत्ते उत्तर प्रदेश शासन के यथासंशोधित आदेशों के अधीन प्रदान किये जायेंगे।

2– उक्त पदों पर चयनित कर्मचारीगण का कार्यकाल कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 01 वर्ष या उस पद पर सीधी भर्ती या पदोन्नति द्वारा भरे जाने अथवा 65 वर्ष आयु पूर्ण होने में से जो भी पहले हो, तक के लिये होगा।

3– चयनित कर्मचारीगण की नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी जो सन्तोषजनक सेवा न पाये जाने की स्थिति में बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त की जा सकती है।

4– आवेदक की विगत पूर्व 5 वर्षो की चरित्र पंजिका सही हो। आवेदक का पूर्ववर्ती आचरण (past record) व ए0सी0आर0 उसकी नियुक्ति का आधार होगा।

5– आवेदक पर कोई आपराधिक मुकदमा लम्बित एवं पंजीकृत न हो।

6– उक्त पदों पर पुनर्नियुक्ति हेतु निर्धारित प्रारूप (संलग्न) पर आवेदक अपना आवेदन–पत्र, आयु प्रमाण–पत्र एवं स्वस्थता प्रमाण–पत्र के साथ दिनॉक 22–12–2022 को शाम 5–00 बजे तक प्रशासनिक अधिकारी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

पुनर्नियुक्ति हेतु साक्षात्कार की प्रक्रिया अपनायी जायेगी। साक्षात्कार की तिथि बाद में घोषित की जायेगी। साक्षात्कार हेतु उपस्थित अभ्यर्थियों को किसी प्रकार का यात्रा–भत्ता देय नहीं होगा।

प्रशासनिक अधिकारी, जनपद न्यायालय सिद्वार्थनगर को आदेशित किया जाता है कि उक्त विज्ञप्ति को समस्त न्यायालय के सेवा निवृत्त कर्मचारियों के मध्य परिचालित करायी जाय। सार्वजनिक प्रकाशन हेतु न्यायालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाय एवं सिस्टम आफिसर सिद्वार्थनगर को निर्देशित किया जाता है कि इस विज्ञप्ति को जनपद न्यायालय सिद्वार्थनगर तथा माननीय उच्च न्यायालय की अधिकारिक वैबसाइट पर भी अपलोड कराया जाना सुनिश्चित करें।

एक प्रति जिला सूचना अधिकारी, सिद्वार्थनगर को समाचार–पत्रों में निशुल्क प्रकाशन हेतु प्रेषित की जाय।

09/12/2022

अध्यक्ष,
चयन समिति,
जनपद न्यायालय,सिद्वार्थनगर।
District and Sessions Judge
Siddharth Nagar

जनपद न्यायालय, सिद्वार्थनगर में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पुनर्नियुक्ति के माध्यम से भरे जाने वाले रिक्त पदों पर सेवायोजन के लिए

आवेदन–पत्र।

(As per C.L.No. 14/Admin "D" Section Dated 15-10-2022)

आवेदित पद का नामः–आशुलिपिक/लिपिक

1– आवेदक का नामः.. ....

2– पिता/पति का नामः.. नवीनतम पासपोर्ट

3– जन्म तिथिः.. साइज फोटो

4– सेवानिवृत्ति की तिथिः.. ....

5– अन्तिम धारित पद एवं जनपद न्यायालय का नाम (जहॉ से सेवानिवृत्त हुए हैं)

....

6– फोटोयुक्त पहचान–पत्र(पहचान–पत्र/आधार कार्ड व अन्य वैध पहचान–पत्र)

7– स्थायी पताः...

....

....

8– अस्थायी पताः...

....

....

9– मोबाईल नम्बरः...

10– ई–मेल आई0डी0:...

11– शैक्षणिक योग्यताः...

नोट–अन्तिम आह्रित वेतन व अन्तिम आह्रित पेंशन आदेश की प्रति इस आवेदन–पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

अण्डरटेकिंग

मै इस आशय की अण्डरटेकिंग प्रस्तुत कर रहा हूॅं/कर रही हूॅं कि मै शारीरिक रूप से स्वस्थ हूॅं एवं जनपद न्यायालय, सिद्वार्थनगर में आवेदित पद पर कार्य करने हेतु सक्षम हूॅं। मेरे सेवाकाल में मेरी जानकारी के अनुसार मुझे कोई ऐसा दण्ड या प्रविष्टि नहीं दी गयी है, जिससे पुनर्नियुक्ति में बाधा हो। मेरे विरूद्व कोई भी आपराधिक कार्यवाही लम्बित नहीं है।

जनपद न्यायालय सिद्वार्थनगर में मेरे विरूद्व या मुझसे सम्बन्धित कोई आपराधिक/सिविल वाद विचाराधीन नहीं है।

मै प्रमाणित करता हूॅं/करती हूॅं कि उपरोक्त सभी सूचनाएं मेरे निजी जानकारी में सही व सत्य है। यदि किसी भी समय उक्त सूचनाएं गलत या झूठी पायी गयी तो उसकी पूर्णरूपेण जिम्मेदारी मेरे स्वयं की होगी व इस सम्बन्ध में मेरे विरूद्व की गयी कार्यवाही मुझे स्वीकार होगी। मैने आवेदन सम्बन्धी सभी नियम/शर्तो का अवलोकन कर लिया है तथा सभी मुझे स्वीकार है।

दिनॉकः– आवेदक के हस्ताक्षर